रविवासरीय

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

रविवार, 08 जून 2014, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर

एसआरएमएस में इंस्पायर इंटर्नशिप का आगाज

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार से भारत सरकार की ओर से प्रायोजित विज्ञान कैंप इंस्पायर इंटर्नशिप 2014 शुरू हुआ। मुख्य अतिथि देवमूर्ति, डीन शिक्षण प्रभाकर गुप्ता, डायरेक्टर प्रो. जगन्नाथ साहू, टीडी बिष्ट, रजीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल ने कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। इसमें प्रदेश के विभिन्न इंटर कॉलेजों से आए 200 से अधिक ट्रेनी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी छात्र अगले पांच दिनों तक संस्था में रहकर प्रशिक्षण पाएंगे।

मुख्य अतिथि के देवमूर्ति ने कहा कि विज्ञान के एक छोटे से सिद्धांत को विकसित करने में कभी-कभी सदियां गुजर जाती हैं। शोधकर्ताओं को इसका लाभ नहीं मिलता पर लोगों को इसका लाभ जरूर मिल जाता है। मेंटर डा. प्रभाकर गुप्ता ने गणित के इतिहास व विकास के बारे में जानकारी दी। डा. एम मुस्तकीम ने दवाइयों के पौधों से मरीजों तक पहुंचने के क्रम की जानकारी दी। संचालन अमर प्रताप सिंह ने किया।